# 63/1 (SEM–3) CC5/HINHC3056

## 2023

## HINDI

Paper : HINHC3056

( छायावादोत्तर हिन्दी कविता )

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित में से किन्ही छः बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×6=6

   (क) 'संस्कृति के चार अध्याय' नामक ग्रंथ पर किसे साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

   *(i)* केदारनाथ अग्रवाल

   *(ii)* रामधारी सिंह 'दिनकर'

   *(iii)* भवानी प्रसाद मिश्र

   *(iv)* रघुवीर सहाय

(ख) इनमें से व्यक्तिवादी रचनाकार कौन हैं?

(i) नागार्जुन

(ii) अज्ञेय

(iii) केदारनाथ अग्रवाल

(iv) भवानी प्रसाद मिश्र

(ग) 'एक भारतीय आत्मा' उपनाम से किस कवि को जाना जाता है?

(i) माखनलाल चतुर्वेदी

(ii) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(iii) गिरिजाकुमार माथुर

(iv) रघुवीर सहाय

(घ) "धरती बहुत बड़ी है, निर्मम है"—यह पंक्ति किस कविता से उद्धृत है?

(i) फसल

(ii) ढाकबनी

(iii) मुक्ति की आकांक्षा

(iv) नदी के द्वीप





(ङ) केदारनाथ सिंह और सर्वेश्वरदयाल सक्सेना का सम्बन्ध किस सप्तक से है?

(i) तारसप्तक

(ii) दूसरा सप्तक

(iii) तीसरा सप्तक

(iv) चौथा सप्तक

(च) प्रयोगवाद का सबसे बड़ा दोष था

(i) लोक कल्याण की भावना

(ii) नवीन के प्रति अतिशय मोह

(iii) रूढ़ियों का विरोध

(iv) नए प्रतीकों का सर्वथा अभाव

(छ) राजनीति में जो मार्क्सवाद है साहित्य में वही ______ है।

(i) छायावाद

(ii) रहस्यवाद

(iii) प्रयोगवाद

(iv) प्रगतिवाद

(ज) भारत में 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था?

(i) पटना

(ii) लखनऊ

(iii) दिल्ली

(iv) उज्जैन

(झ) वैद्यनाथ मिश्र किसका मूल नाम था?

*(i)* नागार्जुन

*(ii)* केदारनाथ अग्रवाल

*(iii)* माखनलाल चतुर्वेदी

*(iv)* रघुवीर सहाय

(ञ) 'आँगन के पार द्वार' किसकी रचना है?

*(i)* नागार्जुन

*(ii)* अज्ञेय

*(iii)* रघुवीर सहाय

*(iv)* माखनलाल चतुर्वेदी

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) "हर्ष का स्वर जीवितों का व्यंग्य है"—इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'ढाकबनी' कविता में किसका वर्णन किया गया है और क्यों?

(ग) "हर आदमी में देवता है, और देवता बोदा है" में कवि ने किसे देवता कहा है?

(घ) प्रगतिवादी कविता में किसके प्रति सहानुभूति देखने को मिलती है?

(ङ) पुष्प की क्या अभिलाषा है?





(च) 'मुक्ति की आकांक्षा' कविता के माध्यम से कवि क्या समझाना चाहता है?

(छ) 'तारसप्तक' क्या है?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×6=30

(क) मार्क्सवाद से क्या अभिप्राय है?

(ख) नागार्जुन की साहित्यिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी की कविताओं का मुख्य स्वर क्या है?

(घ) 'मैंने देखा एक बूँद' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'सिपाही' कविता में कवि ने किस गुण व रस का प्रयोग कर अपने भावों को व्यक्त किया है?

(च) 'अकाल और उसके बाद' कविता में निहित संवेदना पर विचार कीजिए।

(छ) रामधारी सिंह 'दिनकर' के कवि-व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) "देश कागज पर बना नक्शा नहीं होता"—कविता के माध्यम से कवि ने किस विषय को प्रकाशित किया है?

(झ) "कविता समय के साथ संवाद करता है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ञ) हिन्दी साहित्य को कवि 'अज्ञेय' के देन पर विचार कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) छायावादोत्तर काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों को सोदाहरण वर्णित कीजिए।

(ख) पठित कविता के आधार पर 'कुरुक्षेत्र' के 'प्रथम सर्ग' का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) भवानीप्रसाद मिश्र की कविताओं में व्यक्त संवेदनाओं पर एक समीक्षात्मक लेख लिखिए।

(घ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जिस दिन समर की अग्नि बुझ शान्त हुई,
एक आग तब से ही जलती है मन में;
हाय, पितामह, किसी भाँति नहीं देखता हूँ
मुँह दिखलाने योग्य निज को भुवन में
ऐसा लगता है, लोग देखते घृणा से मुझे,
धिक् सुनता हूँ अपने पै कण-कण में;
मानव को देख आँखें आप झुक जातीं, मन
चाहता अकेला कहीं भाग जाऊँ वन में।
करूँ आत्मघात तो कलंक और घोर होगा,
नगर को छोड़ अतएव, वन जाऊँगा;
पशु-खग भी न देख पायें जहाँ, छिप किसी
कन्दरा में बैठ अश्रु खुलके बहाऊँगा;
जानता हूँ पाप न धुलेगा वनवास से भी,
छिप तो रहूँगा, दुःख कुछ तो भुलाऊँगा
व्यंग्य से बिंधेगा वहाँ जर्जर हृदय तो नहीं,





5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 14

(क) "रघुवीर सहाय सामाजिक विषमता एवं जनतांत्रिक व्यवस्था को दृष्टि में रखकर अपनी कविता की भूमि तैयार करते थे।" पठित कविताओं के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'नदी के द्वीप' और 'यह द्वीप अकेला' कविता में कवि ने किस चेतना को अभिव्यक्त किया है? सोदाहरण विश्लेषण कीजिए।

(ग) हिन्दी काव्य-साहित्य जगत् में 'प्रयोगवादी काव्यधारा' के महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

★★★